24/05/2020

518 विद्यार्थियों का विविध नामचीन कंपनियों में चयन

राम मेघे इंस्टीट्यूट : 10 लाख तक का मिला पैकेज

प्रतिनिधि, 24 मई

अमरावती – स्थानीय विदर्भ यूथ वेलफेयर सोसाइटी द्वारा संचालित प्रा. राम मेघे इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड रिसर्च बडनेरा के 518 विद्यार्थियों का चयन विविध नामांकित कंपनियों में हुआ है. एक तरफ दुनिया पर कोविड-19 तथा आर्थिक मंदी की छाया होते हुए भी शैक्षणिक सत्र 2019-20 में इतने विद्यार्थियों की नियुक्ति कराने वाला प्रा. राम मेघे इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड रिसर्च अमरावती विभाग का एकमेव महाविद्यालय बन गया है. विद्यार्थियों की नियुक्ति टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज, बीवाईजेयूएस, आईबीएम, विप्रो, माइंड ट्री, कॉग्निजेंट, कैपजेमिनी, अमेजॉन, डी मार्ट, जस्ट डायल, धूत ट्रांसमिशन, नेट वर्क रिसर्च जैसी विविध राष्ट्रीय तथा बहुराष्ट्रीय कंपनियों में होने से विद्यार्थियों में उत्साह का वातावरण है.

कोविड-19 लॉकडाउन में भी महाविद्यालय के 6 विद्यार्थियों की नियुक्ति नामांकित बीवाईजेयूएस इंस कंपनी में हुई है, जहां विद्यार्थियों को 10 लाख का पैकेज प्राप्त हुआ है. महाविद्यालय से उत्तीर्ण होते वक्त एक सुरक्षित नौकरी का सपना हर विद्यार्थी का होता है और इसी सपने को पूर्ण करने हेतु महाविद्यालय सतत प्रयत्नशील रहकर विविध कंपनियों के माध्यम से प्लेसमेंट प्रक्रिया आयोजित करता रहता है. विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु विविध उपक्रम ट्रेनिंग तथा प्लेसमेंट विभाग द्वारा आयोजित किए जाते हैं. महाविद्यालय की ओर से सतत दिए जाने वाले विद्यार्थी केंद्रित कार्यक्रम जिसमें कार्यशाला, व्याख्यान तथा पूर्व विद्यार्थियों से संवाद शामिल है. इन सभी कार्यक्रमों का प्लेसमेंट में भरपूर फायदा होने की बात नियुक्त विद्यार्थियों ने कही है. विद्यार्थियों ने महाविद्यालय द्वारा दी गई सभी सुविधाओं के लिए आभार व्यक्त किया.

जिद तथा कठोर परिश्रम करने की तैयारी हो तो सब कुछ साध्य किया जा सकता है, यह महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने सिद्ध किया है, ऐसा मनोगत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अमोल बोड़खे ने व्यक्त किया. महाविद्यालय सतत बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करते रहने का आश्वासन भी उन्होंने दिया. उन्होंने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी तथा जूनियर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन हेतु आह्वान किया.

विदर्भ यूथ वेलफेयर सोसाइटी अमरावती इस संस्था ने स्थापना से लेकर आज तक शिक्षा की गंगा हर घर में पहुंचाने का कार्य किया है. विद्यार्थियों का अधिकाधिक विकास यह संस्था का अभ्यास रहा है. स्पर्धात्मक युग में विद्यार्थियों ने अपनी अलग पहचान बनाने हेतु सोसाइटी हमेशा तत्परता से कार्य करते आ रही है. मध्य भारत के अग्रगी संस्थानों में प्रचलित प्रा. राम मेघे इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड रिसर्च, बडनेरा ने हमेशा पुस्तकी ज्ञान के अलावा व्यवहारिक ज्ञान से करीब 20 हजार अभियंताओं का निर्माण किया है. यह सभी अभियंता उद्योग जगत में विविध क्षेत्रों में उच्च पद पर कार्यरत हैं. उनका महाविद्यालय से सतत संपर्क रहता है. इससे उद्योग जगत तथा शिक्षण क्षेत्र के बीच का विभाजन कम किया जाता है.

इस अवसर पर अधिक जानकारी देते हुए ट्रेनिंग तथा प्लेसमेंट विभाग के डीन निक्कू खालसा ने बताया कि, व्यक्तित्व विकास करने हेतु तथा स्पर्धात्मक युग में टिके रहने हेतु आवश्यक ज्ञान महाविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों को अलग-अलग माध्यम से दिया जाता है. शैक्षणिक सत्र 2018-2019 महाविद्यालय के 503 विद्यार्थियों की नियुक्ति विविध नामांकित कंपनियों में हुई थी. इस वर्ष विद्यार्थियों का प्रदर्शन देखते हुए यह आंकड़ा 550 के पार जाने का प्रयत्न महाविद्यालय का है. विदर्भ क्षेत्र के सामान्य विद्यार्थियों को प्रमुख राष्ट्रीय प्रवाह में लाने हेतु जरुरी संवाद कौशल, भाषा प्रभुत्व, एप्टिट्यूड ट्रेनिंग, इंटरव्यू टेक्निक आदि सभी चीजों का प्रशिक्षण द्वितीय वर्ष से ही सातत्यपूर्ण तरीके से प्रा. श्रीकांत देशमुख (प्लेसमेंट ऑफिसर) तथा प्रा. प्रांजलि देशमुख (ट्रेनिंग ऑफिसर) के माध्यम से किया जाता है.

महाविद्यालय के विविध विभागों से प्लेसमेंट हेतु समन्वय बनाने वाले प्रा. संग्राम दांडगे, प्रा. अनूप बुरंगे, प्रा. स्मित ठाकुर, प्रा.रवि हिरुलकर, प्रा. आनंद चौधरी, प्रा. ऋचा कोल्हेकर, डॉ. निनाद गावंडे,डॉ. मिलिंद मोहोड़, प्रा. प्रीति देशमुख, प्रा. अंकुर साखरे, प्रा. गिरीश पाटिल, प्रा. अंकुर महल्ले, प्रा. पीयूष कोल्हे, प्रा. अजय किन्हीकर तथा प्रा. अनूप कडू का सभी विभाग प्रमुखों ने अभिनंदन किया है.

विदर्भ यूथ वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ. नितिन धांडे, उपाध्यक्ष एड. उदय देशमुख, कोषाध्यक्ष प्रा. डॉ.हेमंत देशमुख, सचिव युवराज सिंह चौधरी, कार्यकारी सदस्य शंकरराव काले, नितिन हिवसे, प्रा. रागिनी देशमुख, डॉ. वैशाली धांडे, डॉ. पूनम चौधरी तथा प्राचार्य डॉ. अमोल बोड़खे द्वारा नियुक्त विद्यार्थियों का अभिनंदन किया गया.